# सेठ कहे तुझे सेठ सांवरा दीन कहें तुझे दीनानाथ लिरिक्स

सेठ कहे तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ,
तुम ही बताओ सेठ सांवरे,
हो या तुम दीनो के नाथ,
सेठ कहें तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ।bd।

तर्ज – रो रो कर फरियाद करा हाँ।

---

सेठ भरे तेरी हाज़री,
करते हैं तेरा मनुहार,
दीन करें बाबा तेरी चाकरी,
आते दर पर ले परिवार,
एक भरोसा तेरा मुझको,
लाज मेरी है तेरे हाथ,
सेठ कहें तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ।bd।

---

मैं जो तुम्हे बुलाना चाहूं,
घर आँगन में मेरे श्याम,
सोच सोच कर मैं शर्माऊँ,
कहाँ बिठाऊंगा तुझे श्याम,
नहीं बिछाने को है चादर,
नहीं है सर पर मेरे छात,
सेठ कहें तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ।bd।

---

सुदामा के तंदुल भाए,
झूठे बेर शबरी के खाए,
दुर्योधन का महल त्याग कर,
विदुरानी के घर तुम आए
कब आओगे घर तुम मेरे,
'टीकम' से तुम करने बात,
सेठ कहें तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

सेठ कहे तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ,
तुम ही बताओ सेठ सांवरे,
हो या तुम दीनो के नाथ,
सेठ कहें तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ।**bd**।

---

सेठ कहे तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ,
तुम ही बताओ सेठ सांवरे,
हो या तुम दीनो के नाथ,
सेठ कहें तुझे सेठ सांवरा,
दीन कहें तुझे दीनानाथ।**bd**।

स्वर – सोनू रस्तोगी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com